पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

.नई दिल्ली, शनिवार, 4 जनवरी, 2020 | वर्ष-12 | अंक-263 | पृष्ठ-14 | मूल्य - 4.00 रुपए

गौड़ यमुना सिटी की टीम ने छह विकेट से दर्ज की जीत

ग्रेटर नोएडा, 3 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में शहर के गौड़ सिटी स्थित गौड़ सिटी स्टेडियम में आयोजित गौड़ प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में गौड़ यमुना सिटी और गौड़ सौन्दर्यम की टीम के बीच आयोजित क्रिकेट मैच में गौड़ यमुना सिटी की टीम ने दमदार जीत हासिल की। क्रिकेट मुकाबले में गौड़ सौन्दर्यम ने पहले बल्लेबाजी की।

गौड़ सौन्दर्यम की टीम के बल्लेबाजों ने निर्धारित 20 ओवर में 137 रन बनाए। टीम की ओर से अब्दुल्ला ने सबसे ज्यादा 34 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गौड़ यमुना सिटी की टीम ने संभलकर बल्लेबाजी की। टीम ने 19वें ओवर में 8 गेंद शेष रहते 6 विकेट से यह मैच अपने नाम किया। मैच में 27 रन व 2 विकेट लेने वाले सुनील उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर गौर्स ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ भी मौजूद रहे, उन्होंने मैच के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने टीम वर्क की तरह इस मैच में परफॉर्म किया और पूरी खेल भावना दिखाई। खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन ने इस टूर्नामेंट रोमांचक बरकरार रखा है। खेल से न केवल लोगों का मनोरंजन होता है बल्कि वे आंतरिक रूप से परस्पर जुड़ते भी हैं। हमें उम्मीद है कि सभी प्रतिभागी इस टूर्नामेंट का पूरा आनंद ले रहे हैं।